



# विद्यार्थियों ने सीबीएसई 10वीं में लहराया परचम

- निरंतर प्रयास से सफलता अवश्य मिलती है
- संस्कार विद्यापीठ ऐसे ही उत्कृष्ट परिणाम देता रहेगा







**हरदा, 16 अप्रैल. जिलें में संस्कार विद्यापीठ विद्यालय के विद्यार्थियों ने सीबीएसई कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है. इस वर्ष छात्रों ने शानदार अंक प्राप्त करते हुए सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित किए.**

विद्यालय की मेधावी छात्रा साक्षी अग्रवाल एवं श्रीति गर्ग ने 95% अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से प्रथम स्थान हासिल किया. अन्य विद्यार्थियों ने भी उल्लेखनीय प्रदर्शन किया. शुभ पांडेय ने 92%, वंशिका पंडित ने 91.6%, निशांत विले ने 90.6%, तनीषा गौर ने 88.6% और आशी गौर ने 88% अंक प्राप्त किए. इसके अलावा आदित्य चौधरी (85.2%), जानवी यदुवंशी (85%), कृष्णा पटेल (83.4%), आशी गुर्जर (81%) और अक्षरा मालवीया (79.4%) ने भी उत्कृष्ट अंक अर्जित किए.

इन सभी विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत, अनुशासन और लगन से यह सिद्ध किया कि सही दिशा और निरंतर प्रयास से सफलता अवश्य मिलती है. विद्यालय प्रबंधन के नटवर पटेल, नवनीत पटेल, प्राचार्या राजेश्वरी गीते तथा समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए इसे उनकी कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम बताया. विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया तथा विश्वास जताया कि संस्कार विद्यापीठ आगे भी ऐसे ही उत्कृष्ट परिणाम देता रहेगा.

### नमामि ने जिले की मैरिट लिस्ट में दूसरा स्थान किया प्राप्त

**पिपरिया.** जिले के बेरशेवा इंग्लिश मीडियम स्कूल की छात्रा नमामि बसेडिया ने नर्मदापुरम जिले की कक्षा 12वीं की मेरिट सूची में दूसरा स्थान प्राप्त कर नगर का गौरव बढ़ाया है. नमामी को 500 में से 474 अंक मिले. वे बचपन से ही पढ़ाई में मेधावी रही हैं और प्रतिदिन 6 से 7 घंटे अध्ययन करती थीं. परीक्षा के समय वे सुबह 3 से 4 बजे उठकर पढ़ाई करती थीं. माता-पिता और शिक्षकों का उन्हें पूरा सहयोग मिला.




## केंद्रीय जेल में महिला कैदियों को दिया प्रशिक्षण

**नर्मदापुरम.** नगरपालिका द्वारा संचालित डे एनयूएलएम के माध्यम से केंद्रीय जेल में बंद महिला कैदियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है. यह प्रशिक्षण नारी शक्ति वंदन पखवाड़े के अंतर्गत 10 से 25 अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य महिलाओं को मुख्यधारा से जोड़ना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है. डे एनयूएलएम की सिटी मैनेजर दिव्या मिश्रा ने बताया कि नगर पालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव और मुख्य नगर अधिकारी हेमेश्वरी पटले के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है. इसके तहत केंद्रीय जेल में गठित अंजनी स्वयं सहायता समूह की महिला कैदियों को वित्तीय साक्षरता, सरकारी योजनाओं और स्वरोजगार से जुड़ी जानकारी दी जा रही है. प्रशिक्षण सत्र के दौरान महिलाओं को बचत, बैंकिंग प्रणाली, समूह आधारित गतिविधियों और आत्मनिर्भरता के विभिन्न पहलुओं के बारे में भी समझाया गया. जेल अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़कर उन्हें बेहतर भविष्य की दिशा में प्रेरित करना है.

# जनगणना : ऑनलाइन जानकारी भरने का समय आया



**नर्मदापुरम , 16 अप्रैल. जिलें में जनगणना प्रक्रिया इस बार नए और डिजिटल स्वरूप में शुरू होने जा रही है. प्रशासन द्वारा इसकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. खास बात यह है कि इस बार नागरिकों को स्वयं अपनी जानकारी ऑनलाइन भरने की सुविधा दी गई है, जिसे 'स्व-गणना' (सेल्फ एन्यूमेरेशन) कहा जा रहा है. यह सुविधा 30 अप्रैल 2026 तक उपलब्ध रहेगी.**

नागरिक पोर्टल पर मोबाइल नंबर और ओटीपी के माध्यम से लॉगिन कर अपने परिवार से जुड़ी जानकारी भर सकते हैं. जानकारी सबमिट करने के बाद एक सेल्फ एन्यूमेरेशन आईडी प्राप्त होगी, जिसे 1 मई से घर-घर आने वाले प्रगणकों को दिखाना अनिवार्य होगा. इसके बाद प्रगणक उस जानकारी का सत्यापन कर उसे अंतिम रूप देंगे. 1 मई से 30 मई 2026 तक प्रगणक घर-घर जाकर जनगणना का कार्य करेंगे. इस दौरान मकान सूचीकरण और परिवारों की विस्तृत जानकारी एकत्र की जाएगी. हालांकि, स्व-गणना करने के बाद भी प्रगणक का घर पर आना अनिवार्य रहेगा.

इस बार जनगणना में कुल 33 बिंदुओं पर जानकारी ली जाएगी. इसमें घर की संरचना, पेयजल की उपलब्धता, शौचालय की स्थिति (भारतीय या अंग्रेजी सीट), रसोई में उपयोग होने वाला ईंधन, बिजली, मोबाइल और इंटरनेट उपयोग, वाहन जैसी सुविधाओं से जुड़े सवाल शामिल हैं. प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे सही और सटीक जानकारी पोर्टल पर दर्ज करें, जिससे डेटा की गुणवत्ता बनी रहे. साथ ही यह भी आश्वासन दिया गया है कि नागरिकों की सभी जानकारियां पूरी तरह सुरक्षित और गोपनीय रखी जाएंगी.

## अपहरण कर हत्या करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार



**नर्मदापुरम, 16 अप्रैल. जिले के बनखेड़ी थाना क्षेत्र में पुलिस ने अपहरण कर हत्या के एक गंभीर मामले का त्वरित खुलासा करते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है.**

13 अप्रैल 2026 को फरियादी राज सिंह गुर्जर ने अपने भाई विश्वास गुर्जर (उम्र 24 वर्ष) के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी. इस पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 104/2026 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की. पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा एस. थोटा के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित की गई. जांच के दौरान 15 अप्रैल को पुलिस ने प्रकाश गुर्जर, राजेश गुर्जर, दिनेश उर्फ बाबू गुर्जर और अभिषेक गुर्जर को हिरासत में लेकर पूछताछ की.

## जरूरतमंद को दी आवश्यक सामग्री

**हरदा, 16 अप्रैल. जिले में समाजसेवा की मिसाल पेश करते हुए वरिष्ठ समाजसेविका ऊषा गोयल ने तीन जरूरतमंद बेटियों को विवाह के लिए आवश्यक सामग्री प्रदान की.**



इस पुनीत कार्य में मारवाड़ी अग्रवाल महिला मंडल एवं वैश्य महिला मंडल ने भी सहयोग करते हुए कन्यादान में सहभागिता निभाई. कार्यक्रम के दौरान बेटियों को साड़ी, चादर, बर्तन, घड़ी, कंफर्ट, ज्वेलरी सहित अन्य उपयोगी घरेलू सामग्री भेंट की गई, जिससे उनके नए जीवन की शुरुआत में सहूलियत मिल सके. इस पहल को उपस्थित लोगों ने सराहा और इसे समाज के लिए प्रेरणादायक कदम बताया.

### एक नजर में

### कक्षा 12वीं का 95 .8 प्रतिशत रहा रिजल्ट

**पिपरिया.** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का परीक्षा परिणाम इस वर्ष उत्कृष्ट रहा. कक्षा 10वीं में विद्यालय का कुल परिणाम 91 .7 प्रतिशत तथा कक्षा 12वीं का कुल परिणाम 95 .8 प्रतिशत रहा. कक्षा 12वीं में विज्ञान संकाय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जबकि वाणिज्य संकाय में 94 .9 प्रतिशत और कला संकाय में 95 .5 प्रतिशत परिणाम दर्ज किया गया. विद्यालय की प्राचार्य अरविंद रघुवंशी ने बताया कि कक्षा 10वीं में संजना मुरलीधर रघुवंशी ने 500 में से 461 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया. वहीं कक्षा 12वीं में जानकी चौरसिया ने 500 में से 457 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया. कुल 219 विद्यार्थियों में से 198 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की. विद्यालय में उत्कृष्ट परिणाम आने पर प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ ने छात्राओं को तिलक लगाकर, फूलमालाओं से सम्मानित किया और मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया. इसी बीच कक्षा 10वीं में अलंकृता मालवीया ने भी 500 में से 484 अंक (96 .8 प्रतिशत) प्राप्त कर पिपरिया नगर में प्रथम स्थान प्राप्त किया. अलंकृता ने बताया कि उन्होंने प्रतिदिन 9 से 10 घंटे अध्ययन किया, सुबह 5 बजे उठकर पढ़ाई की और स्वयं नोट्स तैयार किए. उन्होंने अनुशासन, नियमित अध्ययन, माता-पिता और शिक्षकों के मार्गदर्शन को अपनी सफलता का आधार बताया. उनके पिता उमेश मालवीया वर्कशॉप चलाते हैं और उनका एक छोटा भाई भी अध्ययनरत है.

### होली फेथ स्कूल में सृष्टि जाट ने किया टाप



**हरदा, 16 अप्रैल.** कक्षा 10 वीं हाई स्कूल का सीबीएसई परीक्षा परिणाम घोषित हुआ जहां प्रतिभावान छात्रा सृष्टि पिता रामनिवास जाट ने होली फेथ स्कूल में अध्यनरत करते हुए हाई स्कूल परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण कर होलीफेथ स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया. सृष्टि जाट ने 10वीं हाई स्कूल की सीबीएसई परीक्षा 96 प्रतिशत से उत्तीर्ण की . उनकी इस उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधन , परिजनों सहित शुभचिंतकों ने बधाई दी.

### जिले की 3 महिला खिलाड़ी एमपी रग्बी टीम में चयनित

**पिपरिया.** नर्मदापुरम जिले के लिए गर्व का विषय है कि जिले की तीन महिला रग्बी खिलाड़ियों का चयन मध्यप्रदेश सीनियर महिला रग्बी टीम में हुआ है. ये खिलाड़ी बिहार के राजगीर में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय रग्बी चैम्पियनशिप 2026 में हिस्सा लेंगी, जो रग्बी इंडिया के तत्वावधान में 21 अप्रैल तक आयोजित की जाएगी. चयनित खिलाड़ियों में पिपरिया की निशा ठाकुर, नर्मदापुरम की ज्योति बड़कुर और सोहागपुर की अफशा खान शामिल हैं. इन खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि हासिल की है. जिला रग्बी संघ के सचिव सचिन पुरविया ने बताया कि इन खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास से यह मुकाम प्राप्त किया है. यह उपलब्धि जिले के अन्य युवा खिलाड़ियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी. इस चयन पर जिले में खुशी का माहौल है और खेल जगत से जुड़े पदाधिकारियों सहित जनप्रतिनिधियों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी हैं.

## रेल मंडल प्रबंधक पश्चिम मध्य रेल भोपाल को सुयोग सोनी ने लिखा पत्र

**हरदा, 16 अप्रैल. रेलवे स्टेशन की विभिन्न समस्याओं को लेकर सुयोग सोनी, सदस्य जेड.आर.यू.सी.सी. (पश्चिम मध्य रेलवे) ने रेल मंडल प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल भोपाल को पत्र लिखकर शीघ्र समाधान की मांग की है.**



उन्होंने पत्र में यात्रियों की सुविधाओं से जुड़ी कई महत्वपूर्ण समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित कराया.सोनी ने बताया कि हाल ही में शिफ्ट किए गए स्टेशन मास्टर (एस.एम.) के नए पैनल रूम में दरारें आ गई हैं, जो सुरक्षा की दृष्टि से गंभीर विषय है. इसके अलावा स्टेशन पर यात्रियों के लिए कोई भी शौचालय चालू नहीं है, जिससे लोगों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है. उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि रिजर्वेशन काउंटर शाम 4 बजे ही बंद हो जाता है.

# नेमप्लेट पर मोबाइल नंबर लिखवाने वाले पहले कलेक्टर

- कहा-दफ्तर हो या बाहर, जनता से जुड़ाव बना रहेगा : सोमेश मिश्रा

**नर्मदापुरम, 16 अप्रैल. जिले के नवागत कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने पदभार संभालते ही एक अनोखी पहल कर जिले में चर्चा बटोरी है. उन्होंने अपने कक्ष के बाहर लगी नेमप्लेट पर नाम के साथ अपना मोबाइल नंबर भी अंकित करवा दिया है.**




खास बात यह है कि इसमें शासकीय नंबर के साथ उनका व्यक्तिगत मोबाइल नंबर भी शामिल है, जो आमतौर पर देखने को नहीं मिलता. इस पहल का उद्देश्य आम जनता से सीधा संवाद स्थापित करना और उनकी समस्याओं तक सहज पहुंच बनाना है. कलेक्टर का मानना है कि प्रशासन और जनता के बीच दूरी कम होना चाहिए, ताकि समस्याओं का त्वरित समाधान संभव हो सके.

उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका कार्यालय हर समय आम लोगों के लिए खुला रहेगा और यदि वे कार्यालय में उपस्थित नहीं रहते हैं, तब भी लोग मोबाइल नंबर के माध्यम से उनसे संपर्क कर सकते हैं. बताया जा रहा है कि सोमेश मिश्रा इससे पहले अपने पूर्व पदस्थापना स्थल मंडला में भी इस तरह का प्रयोग कर चुके हैं.

# कलेक्टर ने गेहूं उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण किया

### किसानों को गेहूँ विक्रय में दिक्कत न हो, अधिकारियों को दिये निर्देश

**हरदा, 16 अप्रैल. जिले में कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने गुरुवार को विभिन्न ग्रामों का दौरा कर गेहूँ उपार्जन केन्द्रों सहित अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया. उन्होंने ग्राम दूधकच्छ एवं धनगांव में उपार्जन केन्द्रों का जायजा लेते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों को गेहूँ विक्रय के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित रहें.**



भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने बिरजाखेड़ी एवं दूधकच्छ में प्रस्तावित सड़क निर्माण के लिए चल रहे भू-अर्जन कार्य का भी निरीक्षण किया. उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी आवश्यक औपचारिकताएं समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ हो सके. इसके साथ ही उन्होंने ग्राम पानतलाई एवं धनगांव के आंगनवाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण कर उनके सुव्यवस्थित संचालन पर जोर दिया. पानतलाई स्थित हाई स्कूल के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बोर्ड परीक्षा परिणामों की जानकारी ली और विद्यालय में वॉशबेसिन एवं शौचालय की मरम्मत कराने के निर्देश दिए. कलेक्टर ने दोनों ग्रामों में उचित मूल्य की दुकानों का भी निरीक्षण किया, जहां राशन वितरण की स्थिति का जायजा लिया गया. उन्होंने निर्देश दिए कि पात्र हितग्राहियों को समय पर राशन मिले तथा सूची से अपात्र व्यक्तियों के नाम हटाए जाएं. निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे.

## पेंशन हितग्राही निर्धारित समयावधि में सर्टिफिकेट अपडेट कराएं

**हरदा, 16 अप्रैल. जिले में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने पेंशन हितग्राहियों के लिए महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं. राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित योजनाएं—इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना तथा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निशक्त पेंशन योजना के सभी लाभार्थियों के लिए डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट (जीवन प्रमाण) अपडेट कराना अनिवार्य किया गया है.**

उप संचालक सामाजिक न्याय कमलेश सिंह ने सभी हितग्राहियों से अपील की है कि वे निर्धारित समयावधि के भीतर अपने संबंधित ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत या नगरीय निकाय कार्यालय में जाकर अपना डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट अवश्य दर्ज कराएं. यह प्रक्रिया सुनिश्चित करती है कि पेंशन का भुगतान नियमित रूप से जारी रहे.

उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई हितग्राही तय समय सीमा में डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट प्रस्तुत नहीं करता है, तो उसकी पेंशन राशि का भुगतान अस्थायी रूप से रोका जा सकता है. इसलिए सभी लाभार्थियों के लिए समय पर यह प्रक्रिया पूर्ण करना अत्यंत आवश्यक है.अधिक जानकारी या सहायता के लिए हितग्राही अपने नजदीकी पंचायत, नगरीय निकाय या जिला सामाजिक न्याय कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं.

**कार्यक्रम** सेबी की स्मार्ट ट्रेनर पूजा ऋषि ने प्रस्तुति के माध्यम से सुरक्षित निवेश और वित्तीय अनुशासन के महत्व को समझाया

# होमसाइंस महाविद्यालय में वित्तीय साक्षरता पर व्याख्यान आयोजित

**नर्मदापुरम, 16 अप्रैल. शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नारी शक्ति वंदन पखवाड़े के अंतर्गत वित्तीय साक्षरता विषय पर एक महत्वपूर्ण व्याख्यान आयोजित किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को आर्थिक रूप से जागरूक बनाना और उन्हें वित्तीय प्रबंधन की मूलभूत जानकारी प्रदान करना रहा.**



कार्यक्रम में समाजसेवी एवं स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष कविता राजपूत, सलोनी दुबे, सचिन खरे तथा सेबी की स्मार्ट ट्रेनर पूजा ऋषि विशेष रूप से उपस्थित रहीं. प्राचार्य डॉ. कामिनी जैन ने छात्राओं को संबोधित करते हुए वित्तीय नियोजन के महत्व पर प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि केवल आय अर्जित करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसका सही प्रबंधन, बचत और निवेश भी उतना ही आवश्यक है. उन्होंने बजट बनाना, नियमित बचत करना, उचित निवेश विकल्प चुनना तथा ऋण का संतुलित उपयोग करने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी. मुख्य वक्ता कविता राजपूत ने महिलाओं के लिए संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं और स्वरोजगार के अवसरों के बारे में जानकारी देते हुए छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया. वहीं सेबी की स्मार्ट ट्रेनर पूजा ऋषि ने प्रस्तुति के माध्यम से सुरक्षित निवेश और वित्तीय अनुशासन के महत्व को सरल भाषा में समझाया. कार्यक्रम की संयोजक डॉ. कंचन ठाकुर ने भी अपने विचार साझा किए, जबकि संचालन डॉ. मनीषा तिवारी ने किया. इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं.

# अनीता माहेश्वरी बनीं राष्ट्रीय संगठन मंत्री

**बनखेड़ी, 16 अप्रैल. क्षेत्र के ठेनी निवासी उद्योगपति परिवार की अनीता माहेश्वरी को अखिल भारत माहेश्वरी महिला मंडल का राष्ट्रीय संगठन मंत्री नियुक्त किया गया है. उनकी इस महत्वपूर्ण उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है और समाजजनों में उत्साह देखने को मिल रहा है.**

नियुक्ति के बाद मदन मोहन जी की हवेली में माहेश्वरी समाज द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया. कार्यक्रम में समाज के अनेक प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें जीवन लाल मालानी, गिरधर सावल, हरिवल्लभ मालपानी, विनीत माहेश्वरी, संजीव मालानी और घनश्याम डांगरा सहित युवा एवं महिला मंडल के सदस्य शामिल थे. इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों ने अनीता माहेश्वरी को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं और विश्वास व्यक्त किया कि वे अपने पद का कुशलतापूर्वक निर्वहन करते हुए समाज को नई दिशा और ऊंचाइयों तक ले जाएंगी.

अनीता माहेश्वरी की नियुक्ति को समाज में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और नेतृत्व क्षमता के रूप में भी देखा जा रहा है, जिससे आने वाले समय में संगठन को और मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है.

### अध्यापक संयुक्त मोर्चा ने नपाध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा

**पिपरिया.** अध्यापक संयुक्त मोर्चा ने नगरपालिका अध्यक्ष को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा। अध्यापक संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारी सदस्यों ने अध्यापको की समस्या के संबंध में नगरपालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौपा जिसमें नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता निर्धारण,पुरानी पेंशन योजना लागू करना और टीईटी परीक्षा का निरस्तीकरण जैसी समस्याओं को शामिल किया। मोर्चा से विमल राकेश,सुनील साहू,संजय राय,भवानी पटेल,नीतिराज ठाकुर,बसंत गढवाल सहित सैकडो अध्यापक उपस्थित रहे.